## खबर संक्षेप



### तुमड़ीबोड़ गुरूद्वारा में शरबत वितरण

**तुमडीबोड़।** गुरूद्वारा बंदी छोड़ पातशाही छह तुमड़ीबोड़ के प्रबंधक, सेवादार और संगत के सहयोग से राहगीरों को मीठा शरबत पिला कर सेवा किया गया। भीषण गर्मी में मानवता के नाते लोगों को शीतलता प्रदान करने यह पहल किया गया था। यह जानकारी गुरुद्वारे के ज्ञानी नरिन्दर सिंह ने दी।

### विधायक 13 से सुनेंगे जन समस्याएं

**डोंगरगांव।** लोकसभा चुनाव की



आचार संहिता हटने के बाद आगामी 13 जून से प्रत्येक गुरुवार को जन समस्याओं को सुनने और हल करने के लिए विधायक दलेश्वर साहू जन दरबार लगाएंगे। उल्लेखनीय है कि श्री साहू ने इसकी शुरुवात अपने पहले कार्यकाल में किया था। विधायक की इस पहल का अच्छा प्रतिसाद भी मिला था। जानकारी के अनुसार अब विधायक मोगरा कालोनी स्थित कार्यालय में प्रत्येक गुरूवार को सुबह 10 से शाम तक मौजूद रहेंगे।

### मंदिर परिसर में किया पौधरोपण



**बांधाबाजार।** विजन निःशुल्क कोचिंग संस्थान टोलागांव ने पर्यावरण दिवस के मौके पर शीतला प्रांगण में पौधरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर कटहल, बरगद, गुड़हल आदि पौधे रोपे गए। इस मौके पर संस्था के नीलकंठ कोमरे ने कहा धरती पर हरियाली आने से ही खुशहाली आएगी। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों का होना जरूरी है। भूविक कोमरे ने ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आव्हान किया। राजू निर्मल, प्रफुल्ल भंडारी, किरण मंडावी ने भी पेड़ो के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मोनिका सोनवानी, चंचल सोनवानी, रेणुका साहू, पूजा साहू, देविका, प्राची साहू, उज्जवल नेताम, सुप्रिया कोमरे, तनुजा, कल्पना, कुलेश्वर नेताम, तुलेश्वरी, रेशमी पटेल, दीपिका, मोनिका आदि मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री के फैसले का स्वागत

**डोंगरगढ़।** शहर भाजपा के अध्यक्ष अमित जैन ने लगातार तीसरी बार



प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए उन्हें किसान हितैषी बताया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने साबित कर दिया कि वह हमेशा किसानों की बेहतरी के लिए प्रयास करते हैं। तीसरे कार्यकाल में पहला फैसला प्रधानमंत्री ने किसानों के हित में लिया है जिसके तहत साढे नौ करोड़ किसानों को बीस हजार करोड रुपए की सौगात दिया है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुखिया श्री साय को भी पत्र लिखकर बधाई दिया है।

### शौर्य ने जीता कांस्य पदक



**डोंगरगढ़।** फिट इंडिया ओपन नेशनल चैंपियनशिप टूर्नामेंट गोंदिया में आयोजित किया गया। स्पर्धा में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ ऑन द राइस मार्शल आर्टस संस्था के 16 वर्षीय शौर्य मिश्रा पिता महेश मिश्रा ने हिसा लेकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। संस्था के कोच मुकेश साहू ने उन्हे बधाई दिया है।

## सड़क के अधूरे निर्माण से शहरवासी परेशान

# चार साल में नहीं बनी दनिया सड़क महिलाओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

करीब चार साल पहले 2020 में तत्कालीन विधायक देवव्रत सिंह के अथक प्रयासों से दुर्ग जिला और राजानांदगांव जिले को जोड़ने वाले ग्राम दनिया से छुईखदान तक सर्व सुविधा युक्त लगभग तीस किमी सड़क की स्वीकृति की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली थी। यह सड़क अब तक पूरी नहीं बन सकी है। सड़क के अपूर्ण रहने से लोगों में काफी नाराजगी है। लोगों ने अब सड़क निर्माण पूर्ण करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

जानकारी के अनुसार स्वीकृति मिलने के बाद 2020 से सड़क निर्माण कार्य आरंभ हो गया था। कार्य पूर्ण करने की अवधि समाप्त होने बाद भी यह कार्य पूरा नहीं हो पाया है जो विभाग की लापरवाही का उजागर कर रहा है। इस मामले को लेकर नगरवासी आए दिन शिकायत करते रहे है किन्तु अब तक निर्माण जहां के तहां अटका हुआ है।



### शहर की महिलाएं आई आगे



सड़क के अपूर्ण रहने से परेशान लोग अब आंदोलन करने की तैयारी में है। वार्ड 3, 4 और 9 की महिलाएं स्वफुर्त विरोध में आगे आ रही हैं। वार्ड की महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सड़क निर्माण नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए चक्काजाम करने की चेतावनी दी। उन्होंने नाली निर्माण नहीं होने पर भी नाराजगी प्रकट किया।

### गड्ढों से दुर्घटनाएं

छुईखदान नगर के अंदर विद्युत विभाग के सामने से शुरु हुए कार्य को शहर अंदर रोक दिया गया है, जिससे नगरवासी परेशान है। प्री मानसूनी बारिश होने पर नगर के अंदर आवागमन बाधित होने लगा है जिसे लेकर नगरवासी अब उग्र रूप में नजर आने लगे हैं। शहर के अंदर सडक पर जगह जगह गड़ढे हो गए जिसमें पानी भरे रहता है। सड़क जाम हो जाती है। नाली का कार्य अधूरा है जिसके कारण गंदा पानी सड़क में बहते रहता है।

### निराकरण का आदेश

एसडीएम रेणुका रात्रे ने एक सप्ताह का समय देने की बात कही। उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बुलाकर समस्या का निराकरण करने का आदेश दिया है। मोहल्ले वासियों से बात कर समस्या के निराकरण करने का भरोसा दिया है। नगर के वार्ड 3, 4 और 9 के महिलाओं ने एकजुटता के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कार्य को जल्द से जल्द कराने तहसील कार्यालय, नगर पंचायत और थाना में आवेदन प्रस्तुत किया है।

# मजदूर के सूने घर से जेवर और नकदी पार



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत देवपुरा के एक सुने घर से अज्ञात चोरों द्वारा करीब एक लाख के जेवर और नगदी पार करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने 9- 10 जून की दरम्यानी रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वह सूने घर से लगभग 91380 रुपए के गहने एवं नगदी ले गए है। देवपुरा निवासी धनेश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि वह करीब पांच माह से केहेक राम साहू के ईट भट्ठा में परिजनों के साथ काम कर रहा है। उसका मकान रोड किनारे भागवत साहू के घर के पास है, जिसमें आगे पीछे के दरवाजा में ताला लगा हुआ था। उसने कीमती समान एवं नगदी को लोहे की पेटी में रखा था। बच्चे दिन में घर आते थे और रात्रि में ईंट भट्ठे में रूकते थे। 10 जून को सुबह गांव के मिथलेश साहू ने फोन कर बताया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। उसने अपनी पत्नी मीना साहू के साथ देखा तो सामने का ताला टूटा हुआ था। कमरे में रखी दोनों पेटी घर से आगे कुछ दूर पड़ी थी।

### पेटी में रखे जेवर ले गए चोर

उन्होंने पुलिस को बताया कि पेटी में रखे 4 नग सोने की पत्ती कीमत 18 हजार, 2 नग सोने की फुल्ली कीमत करीब 31 सौ, 2 जोड़ी चांदी का पैर पट्टी कीमत 14 हजर, 1 जोड़ी चांदी का लच्छा कीमत 20 हजार, एक नग चांदी का कमर पट्टा कीमत करीब 24 हजार 480, जोड़ी चांदी का बिछिया कीमत करीब 15 सौ, एक जोड़ी चांदी का पिन कीमत 300 रूपए एवं नगदी 10 हजार अज्ञात चोर ले गए। प्रार्थी के घर से कुल 91 हजार 380 रूपए की चोरी हुई है। पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत जुर्म दर्जकर विवेचना शुरू कर दिया है।

# भाजपाध्यक्ष ने की मंत्रियों से मुलाकात



■ पीएम मोदी के शपथ समारोह में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने केबिनेट मंत्रियों सहित संगठन नेताओं से भेंट किया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह मे देश विदेश की विभूतियों व राष्ट्राध्यक्षों की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह के लिए भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों सहित सभी जिलाध्यक्षों को आमंत्रित किया था। शपथ ग्रहण के ऐतिहासिक पलों का साक्षी बनने का सुखद मौका भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू को मिला था।

उन्होंने इस दौरान संगठन प्रभारी सौदान सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु द्विवेदी, कैबिनेट मंत्री मनसुख मंडविया, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर बधाई दी।

# पालिका की कार्रवाई का विरोध, कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के विरोध में एवं पीडितों के विस्थापन की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में तहसील कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया एवं ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका ने नाकापारा खैरागढ़ रोड वार्ड 3 में विधिविरुद्ध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की है। कार्रवाई की सूचना समस्त दुकानदारो को नहीं दी गई तथा अमानवीय तरीके से दुकानों को तोड़ा गया। दुकानदारो को दुकान से सामान निकालने का भी अवसर नहीं दिया गया। कार्रवाई के पूर्व जनप्रतिनिधियों को भी विश्वास में नहीं लिया गया। कांग्रेस का कहना है कि पालिका की कार्यवाही के कारण दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई की निंदा किया है।



# शाला परिसर में किया गया पौधारोपण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्कूलों में स्काउट्स-गाइड्स द्वारा पौधरोपण किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अभय कुमार जायसवाल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाला परिसर में नीम, आम, पीपल, बरगद के पौधे लगाकर पर्यावरण एवं संतुलन का संदेश दिया गया। जिसमें राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भानपुरी, ठाकुर प्यारेलाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्हारपुरी, संकुल केन्द्र कन्हारपुरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पदुमतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में पौधरोपण किया गया।

इसी तरह डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ परिसर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चारभाठा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुन्दा, नगर पालिका परिषद विकासखंड एवं छुरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला साल्हे में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पदेन सहायक जिला आयुक्त गाइड वीरेन्द्र कौर गरचा, प्राचार्य पदेन ग्रुप लीडर स्काउट-गाइड विनोद, संगीता खोब्रागढ़े, भूषण साव, संध्या किरण मिंज, सुश्री शैलजा मसीह, नंदा मेश्राम सहित स्काउट गाईड रोवर रेंजर स्काउटर गाइडर शिक्षक-शिक्षिका जीपी नेताम, राजाराम देवांगन, नीरेन्द्र नीलम साहू, साकिर खान, मिलिंद मुदलियार, सरिता साहू, सुश्री अंजली वैद्य, भारती रजक, राकेश भावते, नीलिमा ढोमने, सुश्री सुनीता चंद्राकर, डेहर साहू सहित स्काउट गाइड ने भूमिका निभाई।

# सुविधा बढ़ाने के लिए डिप्टी सीएम शर्मा को भेजा पत्र

**डोंगरगढ़।** वार्ड 16 निवासी एवं नक्सल पीड़ति परिवार के धीरेन्द्र कुमार साहू ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर नक्सल पुनर्वास नीति में संशोधन कर नक्सल पीड़ति परिवारों को लाभ दिलाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि नक्सल पीड़ति परिवार को शहरी क्षेत्र में आवास के लिए नजूल जमीन देने का प्रावधान है, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर किसी भी परिवार को आवास नहीं दिया गया है। उन्होंने पीड़ति परिवार को नजूल जमीन एवं मकान निर्माण हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि दो बच्चों को 12 वी तक छात्रवृति देने का प्रावधान हैं, लेकिन बच्चों को इसका भी लाभ नहीं मिल रहा है। कलेक्टर अधिक आय होना बताकर आवेदन निरस्त कर रहे हैं। इसी प्रकार उन्होंने प्रयास विद्यालय की तरह केन्द्रीय एवं नयोदय विद्यालय की कक्षा 6 वी में सीधे प्रवेश और इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज, मेनेजमेंट कोर्स संस्थान में प्राथमिकता देने की मांग की है।

## महापौर ने ली विभागीय प्रमुखों की बैठक

# बारिश पूर्व नालों की सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

लोकसभा निर्वाचन के लिए जारी आदर्श आचार सहिता समाप्त होते ही महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने सोमवार को अपने कक्ष में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में विभागीय प्रमुखों की बैठक लेकर स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ करने के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसे आवश्यक सुविधा संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि कुछ ही दिनों में बारिश आ जाएगी। साथ ही वर्ष के अंत में नगरीय निकाय चुनाव होगा, जिसे ध्यान में रखते सभी स्वीकृत कार्य प्रक्रिया कर जल्द प्रारंभ कराएं, चालू कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराएं। उन्होंने आयुक्त गुप्ता से कहा कि योजना के कार्य राज्य प्रवर्तित योजना, सांसद विधायक निधि, महापौर, पार्षद निधि के कार्यों को प्राथमिकता देते समय में कराएं, जिन कार्यों की निविदा जारी हो चुकी है, उन कार्यों की शेष प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कराएं। जिनकी निविदा नहीं हुई है, उसकी निविदा जारी करें, वार्डों के स्वीकृत कार्य तथा डामरीकरण, पेंचवर्क के शेष कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण कराएं। मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों में तेजी लाएं, मोहारा पुन्नी मेला स्थल, सामाजिक भवन निर्माण सहित अन्य कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण कराएं, ताकि उसका लाभ समाज व संबंधितों को मिल सके, जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, उन्हें नोटिस दें।



### प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण

महापौर देशमुख ने राजस्व वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर शासन लक्ष्य के अनुरूप माहवार राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित मकानों, नए नल कनेक्शन के आधार पर डिमांड तैयार कर सम्पतिकर व जलकर वसूले तथा दुकान किराया की नियमित वसूली करें, लंबे समय से बकाया दुकान किराया पर दुकानदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्ड के संबंध में कहा कि राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने हटाने संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें, इसके अलावा राशन कार्ड के लिए दिए जा रहे आवेदन लेकर राशन कार्ड बनाने विधिवत प्रक्रिया करें। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रकरणों को भी शीघ्रता से पूर्ण करें, ताकि हितग्राहियो को लाभ मिल सके।

### लॉटरी से करें आवास का आबंटन

महापौर ने विद्युत प्रभारी को वर्षा ऋतु के पूर्व शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की सभी लाईटें सुधार करें, जहां लाईट खराब की शिकायत प्राप्त हो रही है, वहां प्राथमिकता से सुधार कार्य करें। उन्होंने जल प्रभारी से कहा कि कम पानी व गंदे पानी आने की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें, जिन क्षेत्रों में अमृत मिशन से संबंधित कार्य शेष है, उसे जल्द पूर्ण कराएं, जिन घरों में नल कनेक्शन नहीं हुआ है वहां विधिवत कनेक्शन दें। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर हितग्राहियों के खाते में समय में पैसा डालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चूंकि आचार सहिता खत्म हो चुकी है, नए आवेदन जमा कराएं। प्राप्त आवेदनों की जांच कर लाटरी के माध्यम से नियमानुसार आवास का आबंटन करें।

### प्रतिदिन करें मानिटरिंग

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि बारिश के पूर्व सभी नाली-नालों की अच्छे से सफाई कराएं। इंदिरा नगर नाला, बसंतपुर जिला चिकित्सालय के पास के नालों की जेसीबी के माध्यम से पूरी तरह सफाई कराएं। बड़ी तादाद में झिल्ली पन्नी फंसने रोकने यथासंभव जाली लगाएं। पानी भरान वाले क्षेत्रों के नाली-नालों की अच्छी तरह से सफाई कराएं, बरसाती पानी निकासी का उचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करें, वार्ड प्रभारी, सफाई दरोगा एवं स्वच्छता निरीक्षक प्रतिदिन मानिटरिंग करें।

### समस्या का करें त्वरित निराकरण

महापौर देशमुख ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करें, पार्षदों एवं नागरिकों द्वारा बताए गए कार्य एवं समस्या का त्वरित निराकरण करें। बैठक में प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल, प्र. सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व पिंकी खाती, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### निधन बाद देहदान

**अर्जुनी।** राधास्वामी सत्संग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले कोटरासरार निवासी धनराज साहू का विगत दिनों निधन हो गया। निधन के पश्चात उनके परिजनों ने उनकी इच्छा के अनुरूप मेडिकल कॉलेज में अंगदान करने की सहमति प्रदान किया। उनके पुत्र कीर्तिराज साहू एवं राधास्वामी सत्संग के सेवादारों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर देहदान की औपचारिकताएं पूरी करते हुए मेडिकल कॉलेज को देह सौंपा। इस अवसर पर टिकेश साहू नानक साहू, राकेश साहू, पुनेंद्र साहू, नरेश साहू, राजेश साहू, महेंद्र साहू, दुर्गासिंग ठाकुर साहब, गुरमुखदास वाधवा, भोजराज बजाज, मुरली फगवानी, विजय गंगवानी, घनश्यामदास गंगवानी, अशोक मोतीरमानी आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

रा.प्र.क्र.-202406291500003
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2023-24
खैरागढ़, दिनांक 10/06/2024

**// उद्घोषणा //**

क्रमांक /3075/वा. नजूल / 2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक प्रदीप जैन पिता स्व. देवराज जैन निवासी गोलबाजार वार्ड कमांक-07 खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला गोलबाजार ब्लाक नं. 06 स्थित भूखण्ड कमांक 411/1 कुल रकबा 1390 वर्गफूट को पंजीकृत हकत्याग विलेख दिनांक 11.07.2023 के माध्यम से हकत्यागकर्ता/अनावेदक श्रीमती दमयन्ती जैन पति देवराज जैन, कल्पना नाहटा पिता देवराज जैन एवं किरण पिता देवराज जैन सभी निवासी गोलबाजार वार्ड कमांक-07 खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा हकत्याग उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदक अपना नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदक के नाम किए पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10-06-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकार**
खैरागढ़-छुईखदान
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8319268069, 9425565082**

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 12 जून 2024



# परिसीमन से फिर बदलेगी शहरी वार्डों की सीमाएं, संख्या भी 51 से बढ़ने की संभावनाएं

**राजनांदगांव शहर के साथ ही जिले के सभी निकायों में होगी प्रक्रिया, नई सीमाओं से बिगड़ेंगे सियासी गणित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद अब निकाय इलेक्शन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। साल अंत में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार ने परिसीमन की कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

जिसके तहत अब शहर में भी वार्डों की सीमाएं बदली जाएगी। इसके साथ ही संभावनाएं यह भी है कि इस बार परिसीमन के दौरान शहर के वार्डों की संख्या भी 51 से बढ़कर 55 तक की जा सकती है। ऐसे वार्ड जहां आबादी अधिक है या फिर जिनका क्षेत्रफल अधिक है, इन इलाकों को नया वार्ड बनाया जा सकता है। उल्लेखनी है कि हर पांच साल में होने वाले निकाय चुनाव से पहले परीसीमन की प्रक्रिया की जाती है। 2019 में भी शहर के वार्डों में परिसीमन के तहत कई बदलाव किए गए थे। उस दौरान कई वार्डों की सीमाएं बदलने के साथ ही नए इलाके भी जोड़े गए थे। अब फिर से इस तरह ही हर वार्ड में बदलाव किए जाएंगे। प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेश अनुसार सभी जिला कलेक्टरों को यह कार्रवाई जल्द से जल्द करने को कहा गया है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह प्रक्रिया शुरु हो जाएगी।

**अलग खबर**

### वार्डों में बराबर मतदाता

शहर के करीब आधा दर्जन वार्ड ऐसे हैं, जहां पर वोटर्स की संख्या साढ़े चार हजार के करीब है। ऐसे में अब शहर के सभी वार्डों में बराबर मतदाताओं को रखने की कवायद की जाएगी। तुलसीपुर, गौरीनगर, शंकरपुर, लखोली जैसे इलाकों के क्षेत्रफल में कमी की जा सकती है। शहर में मतदाताओं की संख्या लगभग पौने दो लाख है, ऐसे में परिसीमन के बाद हर वार्ड में लगभग चार हजार के करीब मतदाता हो सकते हैं।



### संख्या बढ़ाना जरूरी

शहर में पिछले एक दशक में मतदाताओं की संख्या बढ़ने के साथ ही रहवासी इलाकों का क्षेत्रफल भी बढ़ा है। शहर की चारों दिशाओ में अब नई कॉलोनियां बन गई है। ऐसे में बाहरी वार्डों में मतदाताओं की संख्या के साथ ही उनका दायरा भी काफी बड़ा हो गया है। ऐसे में इस बार परिसीमन में वार्डों की संख्या में भी इजाफा होने की गुंजाईश है। करीबन 4 से 5 वार्ड नए बनाए जा सकते हैं।

### इलाकों में फेरबदल संभव

पिछले निकाय चुनाव से पहले 2019 में परिसीमन की प्रक्रिया के दौरान शहर के कुछ वार्डों में इलाकों का फेरबदल किया गया था। अब इन वार्डों के पार्षद उन इलाकों को वापस अपने क्षेत्र में जोड़ाने की कवायद में जुट गए हैं। परिसीमन के दौरान इस तरह की सर्वाधिक मांग सामने आ सकती है, जिनमें इलाकों का फेरबदल किया जाए।

---

### खाना खाकर पेड़ के नीचे बैठे थे मजदूर तभी गिर गई बिजली

# सरकारी नर्सरी में गिरी गाज, पंद्रह मजदूर घायल, 3 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वन विकास निगम मोहला के कोरलदंड नर्सरी में आज दोपहर एक बड़ी घटना घट गई। नर्सरी में कार्यरत महिला-पुरूष मजदूर खाना खाकर पेड़ के नीचे बैठे थे कि अचानक मूसलाधार बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना में नर्सरी में कार्यरत 15 मजदूर घायल हुए हैं। जिसमें तीन महिलाओं की हालत नाजुक बनी हुई है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है। घायलों को नर्सरी से उठाकर आनन-फानन में 112 तथा मोटर साइकिल में बिठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला लाया गया।

उल्लेखनीय की दोपहर दो से तीन बजे के बीच अचानक मूसलाधार बारिश के साथ बिजली गिरनी शुरू हुई। मोहला वन विकास निगम के कोरलदंड नर्सरी में अलग-अलग गांव के निवासी कार्यरत महिला-पुरूष ग्रामीण दोपहर का खाना खाकर खम्हार पेड़ के नीचे बैठे हुए थे। मजदूर संभल पाते, इससे पहले आकाशीय बिजली पेड़ को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में मोहला विकासखंड के भावसा, साल्हे, डोडरी, घोटिया तथा कोरलदंड निवासी 15 महिला-पुरूष मजदूर घायल हुए हैं। घटना को लेकर बताया गया कि जिस वक्त आकाशीय बिजली नर्सरी में गिरी, उस वक्त वन विकास निगम के कर्मचारी नदारद थे। ग्रामीणों की मदद से 112 तथा मोटर साइकिल में बिठाकर घायलों को मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां तीन आकाशीय बिजली से गंभीर रूप में झुलस गए महिलाओं को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया गया है। घटना वन विकास निगम के नर्सरी में होने के बावजूद घायलों के समुचित व्यवस्था के लिए सामान्य वन मंडल के डीएफओ दिनेश पटेल निगम के अफसरों को आगाह करते खुद कामान संभाले।



### घायल मजदूर हुए सड़क हादसे का शिकार

बताया गया कि आकाशीय बिजली गिरने के बाद ग्रामीणों की मदद से प्राइवेट वाहन, 112 तथा मोटर साइकिल से घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला पहुंचाया गया। इस दौरान मोटर साइकिल सवारों के मोहला पहुंचने से पहले सड़क में कुत्ते से टकरा जाने से फिर वे लोग घायल हुए।

### तीन मरीज रिफर

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल राजेश्वरी पति अजय टेकाम उम्र 23 साल , रजाई बाई मंडावी पति कृष्णा मांडवी 40 वर्ष, चंचल मंडावी पिता राधेश्याम उम्र 17 साल को राजनांदगांव रेफर किया गया है इसी तरह दमन ताराम, आशीष, दामिनी, प्रीति, अजय, भाविका, मंडलेश, गीता,वंदना, चंद्रिका, हिना, करिश्मा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में इलाज चल रहा है।

### समुचित व्यवस्था की जा रही है

प्रशासनिक तौर पर घायलों के लिए हर संभव इलाज की व्यवस्था की गई है। गंभीर रूप से घायलों को राजनांदगांव रिफर किया गया है। वन विकास निगम तथा सामान्य वन मंडल के अफसरों को हर तरह की मदद के लिए निर्देश दिया गया है।

**-एस. जयवर्धन,** कलेक्टर, मोहला-मानपुर

### हर तरह से मदद दी जाएगी

घायलों को विभाग की तरफ से हर तरह से मदद की जाएगी। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में वन विकास निगम के डिप्टी डीएम मौजूद हैं।

**-दिनेश पटेल,** डीएफओ, सामान्य वन मंडल मोहला-मानपुर-अं. चौकी

---

# एमआरआई मशीन के साथ मिलेगी 5 करोड़ की सौगात

### डॉ.रमन की पहल पर मेडिकल कॉलेज में मिलेगी कई सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सालभर में करीब डेढ़ दर्जन डॉक्टरों द्वारा नौकरी छोड़े जाने के बाद मेडिकल कॉलेज की मान्यता के खतरे में आने की स्थिति निर्मित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को विस सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में राजनांदगांव और कवर्धा मेडिकल कॉलेज को लेकर मैराथन बैठक ली।

बैठक में विस अध्यक्ष ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को लेकर चिंता जाहिर करते मानदेय को बढ़ाने तथा उन्हें नियमित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही अन्य राज्यों का अध्ययन करने के लिए विशेष सचिव की अगुवाई में एक कमेटी का भी गठन किया गया।

इस कमेटी में स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव नोडल अधिकारी होंगे। कमेटी में वित्त तथा स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी के साथ ही किसी मेडिकल कॉलेज के डीन तथा सीनियर प्रोफेसर भी शामिल होंगे। ये कमेटी एक महीने में विशेषज्ञ चिकित्सकों के मानदेय और उनके नियमितीकरण करने के प्रावधान के बारे में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के प्रावधानों और नियमों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।



### सुविधाओं का होगा विस्तार

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बैठक में मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार तथा खाली पदों को भरने को लेकर भी विभाग के उच्च अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### भरे जाएंगे रिक्त पद

*विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बैठक में राजनांदगांव व कवर्धा समेत प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों की सुविधाओं व स्थापना को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को असिस्टेंट प्रोफेसर्स के रिक्त पदों को जल्द पीएससी के माध्यम से शीघ्र भर्ती करने की बात स्वास्थ्य मंत्री से कही।*

### नर्सिंग स्टाफ का होगा संकट दूर

*मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ के संकट को दूर करने की दिशा में भी बैठक में निर्णय लिया गया है। प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि शीघ्र ही भर्ती प्रक्रिया की जाए। वहीं मेडिकल कॉलेज में प्रशासकीय समिति के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि मेडिकल कॉलेज में कई समस्याओं को लेकर लोगों में शासन का ध्यानाकर्षण पूर्व में कराया था।*

### सीटी स्कैन मशीन होगी स्टॉल

बैठक में विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में एमआरआई मशीन लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सीटी स्कैन मशीन को दो माह के भीतर स्टाल कर लिया जाएगा। इधर मेडिकल कॉलेज के अधोसरंचना के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि भी शीघ्र जारी की जाएगी।

---

**माय एंगल**




# शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म, गिरफ्तार

### परिजनों के साथ मौके पर पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 15 मई को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग बेटी छुरिया जा रही हूं कहकर निकली थी, जो घर वापस नहीं आई है। शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट पर थाना छुरिया में धारा 363 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस के अनुसार विवेचना क्रम में 10 जून को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर बताया कि एक नंबर से फोन आया था। जिसमें पीड़िता टेडेसरा के किराये के मकान में है बतायी है, लेने आ जाओ बोल रही है। इस सूचना पर अपहृता की बरामदगी हेतु पुलिस टीम एवं परिजनों के साथ रवाना होकर टेडेसरा पहुंचकर एक किराये के मकान में अपहृता को एक लड़के जिसकी उम्र 21 वर्ष था। जिसका नाम-पता पूछने पर अपना नाम देवेन्द्र बोरकर 21 साल निवासी भंसुला वार्ड क्र. 8 थाना अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी बताया।

### की गई कार्रवाई

मौके पर बरामदगी पंचनामा तैयार कर दोनों को थाना छुरिया लाया गया। अपहृता की महिला पुलिस अधिकारी से धारा 161 जाफौ के अंतर्गत कथन कराया गया, जिस पर अपहृता के कथनानुसार प्रकरण में धारा 366, 376(2) (ढ) भादवि 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी को पूछताछ की गई, जिस पर आरोपी द्वारा जुर्म कारित करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

### चिल्हाटी के लिए निकला था मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो बाईक के बीच जबर्दस्त भिडंत होने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 जून को सुबह लगभग 9 बजे ग्राम सांगली निवासी तरूण कुमार यादव दुकान खोलने के लिए बाईक में सवार होकर




चिल्हाटी जाने के लिए निकला था। उसके साथ बाईक में पीछे ललित सिन्हा भी सवार था। वे ग्राम भड़सेना के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही बाईक से उनकी भिड़ंत हो गई।

### आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

इस घटना में तरूण यादव के सिर में गंभीर चोंट आई थी, जिसे वाहन 112 में उपचार हेतु अंबागढ़ चौकी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाईक में सवार अन्य ललित सिन्हा के पैर में चोंटे आई है। वहीं बाईक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मनोज कुमार ने दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

---

**थानेदार को लोगों ने फोन कर बताया, उसके बाद हुई कार्रवाई**

# पुलिस की वर्दी का खौफ दिखाकर लोगों को धमकाया वसूली के लिए मांगे पैसे, शिकायत के बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के बोरतलाव थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर को गिरफ्तार किया है, जो पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को डरा-धमकाकर वसूली कर रहा था। आरोपी व्यक्ति दो स्टार खाकी वर्दी पहनकर लोगों के सामने खुद को बड़ा अफसर बताकर वसूली को अंजाम दे रहा था। एक मुखबीर की सूचना के बाद बोरतलाव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की।



मिली जानकारी के अनुसार खैरागढ़ जिले के गातापार में रहने वाला आरोपी युवक गुप्तेश्वर तिवारी पुलिस की वर्दी पहनकर बोरतलाव थाना इलाके में लोगों को अपनी धौंस दिखाकर धमका रहा था। अपनी झूठी वर्दी का डर दिखाकर उसने कुछ लोगों से पैसे भी वसूल लिए थे। सोमवार को बोरतलाव पुलिस को एक मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी लगातार वसूली कर रहा है। जिसकी सूचना मिलने के बाद थाना की एक टीम उक्त इलाके में पहुंची। यहां आरोपी के अलावा बड़ी भीड़ जमा थी, जहां पहुंचकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की और उसके खिलाफ धारा 170, 171, 384, 419 के तहत मामला दर्ज कर अपनी कार्रवाई की।

### आरोपी पुलिस विभाग में कर चुका काम

जानकारी के अनुसार आरोपी करीब एक दशक पहले पुलिस विभाग के साथ काम कर चुका है। पुलिस विभाग के साथ काम करने के कारण उसका बोलचाल भी वैसा हो गया है। इसके साथ ही आरोपी आला अफसरों की तस्वीर और फोन नंबर दिखाकर भी खुद का धौंस दिखाता था। इससे पहले भी एक दफा मोहगांव में ऐसे ही एक मामले में आरोपी पकड़ा गया था।

### खुद को बताया नया थानेदार

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक द्वारा बोरतलाव थाना क्षेत्र के लोगों को धमकाने के साथ झूठ भी कहा गया कि वह बोरतलाव थाना का नया थानेदार है, जब लोगों ने मौजूदा थानेदार को फोन कर पूछा कि उनका ट्रांसफर हो गया है क्या? तब यह मामला सामने आया।






## सार समाचार

### नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में सीबीएसई एवं सीजी बोर्ड के शिक्षकों के लिए नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षाविद डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव ने विद्यालय के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के तहत प्रभावी मार्गदर्शन दिया। डॉ. ज्ञानेश का स्वागत सम्मान प्राचार्य शैलजा नायर एवं एकेडमिक को-आर्डिनेटर अमित उत्तलवार द्वारा किया गया। स्वागत भाषण श्रीमती नायर द्वारा दिया गया। कार्यशाला में डॉ. ज्ञानेश ने शिक्षा नीति को एक सकारात्मक कड़ी बताते इस पर सभी शिक्षकों को समर्पित होकर कार्य करने प्रेरित किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनेक फायदे बताते कहा कि यह नीति निश्चित तौर पर विद्यार्थियों को उनके ज्ञान एवं कौशलों को बढ़ाने में सहायक है। इससे आने वाली पीढ़ी निश्चित ही शिक्षा के साथ-साथ अपने ज्ञान कौशल को बढ़ाकर देश के विकास में सहायक सिद्ध होगी, जहां डिग्री के साथ-साथ उन्हें रोजगार के भी पर्याप्त अवसर मिलेंगे। संचालन शिक्षिका गुरविंदर कौर एवं अंजली सोनवानी तथा आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यशाला में बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकगण शामिल थे।

### जेईई में भावना चयनित

**कल्लूबंजारी।** आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया के संगठन मंत्री दिलीप- सुमन कोरेटी की सुपुत्री एवं छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर की भतीजी भावना कोरेटी जेईई एडवांस के लिए चयनित हुई है। उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सामाजिकजनों ने बधाई दी है।

### 13 को पेंशनरों की मासिक बैठक

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव का मासिक बैठक माह के दूसरे सप्ताह 13 जून को दोपहर 3 बजे से पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में आयोजित की गई है। पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव अध्यक्ष जेआर यादव, नामदेव साहू कार्यकारी अध्यक्ष, वायके गहरवार प्रवक्ता, हीरालाल ढोमने प्रवक्ता, केशवराम साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जीआर अहीर उपाध्यक्ष, नंदकुमार श्रीवास्तव संगठन सचिव, कृष्णालाल साहू संगठन सचिव, शोभितराम साहू संगठन सचिव, नंदलाल साव कार्यकारिणी सदस्य ने पेंशनर साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की।

### मोदी सरकार ने नेक इरादों की झलक दिखाई : भरत



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार गठित केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही किसानों को सम्मान निधि की राशि जारी करने और गरीब परिवारों के लिए तीन करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास बनाने के व्यक्त संकल्प के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री वर्मा ने कहा कि कार्यभार सम्हालते ही प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सर्वप्रथम किसान सम्मान निधि जारी करने के लिए फाइल हस्ताक्षरित करने से किसानों और गरीब कल्याण के प्रति भाजपानीत राजग सरकार के नेक इरादों की झलक मिल गई है और देश के किसानों में एक बार फिर यह पक्का भरोसा कायम हुआ है कि नई केंद्र सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी कृषि क्षेत्र में विकास के नए आयाम गढ़ेगी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास का नया लक्ष्य घोषित कर मोदी ने नई केंद्र सरकार के गरीब कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल की शपथ लेने के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों के बैंक खाते में 20 हजार करोड़ रुपए की राशि भेजी जाएगी। इससे छत्तीसगढ़ के 23 लाख 64 हजार 465 किसान भी लाभान्वित होंगे। इसके पहले जब 16वीं किस्त से राज्य के करीब 23.14 लाख किसानों को लाभ मिला था। छत्तीसगढ़ के किसानों को अब तक लगभग 7800 करोड़ का लाभ इस योजना से मिल चुका है। हालांकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। यह योजना देशभर में भूमिधारी किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने फरवरी 2019 में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में प्रतिवर्ष 6000 रुपए अंतरित किए जाते हैं। श्री वर्मा ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 11 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खाता में प्रति किस्त 2-2 हजार के हिसाब से अब तक 3.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल की पहली बैठक का पहला फैसला गरीबों के कल्याण से जुड़ा रहा। मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में गरीबों के लिए तीन करोड़ मकानों के निर्माण को मंजूरी दी।

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** संस्कारधानी मित्र मंडल द्वारा दिग्विजय कॉलेज के पास पौधरोपण किया गया। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी अरुणेश झा द्वारा ली गई। इस दौरान मित्र मंडल के सदस्य हरिओम शर्मा, अरुणेश झा, इंद्रदीप सेन, बृजेश कुमार, चिंटू सोनकर आदि मौजूद रहे।

# आकर्षण का केन्द्र बन रहा आक्सीजोन शिवनाथ नदी तट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


शहर के शिवनाथ नदी तट आक्सीजोन इन दिनों लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां बड़ी संख्या में लोग जहां पिकनिक के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए नदी तट पर स्नान करते भी लोग देखे जाने लगे हैं। दिनभर लोगों की आवाजाही से यहां चहल-पहल का वातावरण निर्मित है।

ज्ञात हो कि शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा के पास आक्सीजोन है, जहां छोटे-बड़े पेड़-पौधों की भरमार है। जिससे यहां का नजारा लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगा है। यहां बड़ी संख्या में इन दिनों लोग पिकनिक और नदी तट पर स्नान करने के लिए पहुंचने लगे हैं। बताया गया कि कई लोग सपरिवार यहां पहुंचकर इस पिकनिक स्पाट का आनंद उठा रहे हैं। खासकर रविवार के दिन सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक चहल-पहल बनने लगी है।

## पिकनिक के साथ-साथ स्नान करने पहुंच रहे लोग

### दिनभर लोगों की उपस्थिति

आक्सीजोन से लगा हुआ शिवनाथ नदी तट पर कुछ हिस्से में रेत और पानी है, जहां लोग आसानी से पहुंचकर स्नान करते देखे जा रहे हैं। खासकर गर्मी के इस मौसम में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए भी पेड़ों की छांव में कुछ पल बिताने और नदी में स्नान करने पहुंच रहे है। जिसमें शहरी से लेकर ग्रामीण तक शामिल हैं। युवाओं के बीच उक्त क्षेत्र मिनी गोवा के नाम से प्रचलित होने लगा है।



### लग रहा कचरे का ढ़ेर


इधर उक्त क्षेत्र में संबंधित विभाग द्वारा ध्यान ना दिए जाने से कचरा फैल रहा है। यहां पहुंचने वाले लोग पिकनिक मनाकर कचरे, पालिथीन इत्यादी यही फेंक रहे है। जिससे पूरे क्षेत्र में कचरा फैल रहा है। इसके अलावा कई लोग यहां खाना पकाते भी देखे जा रहे हैं। जिसमें लापरवाही होने पर पौधों को नुकसान होने की आशंका होने लगी है। लोगों का ऐसा मानना है कि संबंधित विभाग द्वारा उक्त स्थल पर ध्यान दिए जाने से बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में उक्त क्षेत्र अपना स्थान बना सकता है। बहरहाल इन दिनों लोगों की बेहतर उपस्थिति उक्त क्षेत्र में बनते जा रही है।

## बारिश पूर्व नाला सफाई अभियान की स्थिति देखने पहुंचे आयुक्त

# रोड पर दुकान लगाने पर करें कार्रवाई

- कचरा जलाने पर जतायी नाराजगी, लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नाली-नालों की सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत चरणबद्ध शहर के प्रमुख नाली-नालों की सफाई मेनुवल एवं जेसीबी के माध्यम से कराई जा रही है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने आज आरके नगर, पुलिस अधीक्षक निवास के पीछे के नाले की सफाई का निरीक्षण किया और निगम सीमाक्षेत्र के सभी नालों व नालियों की मानसून पूर्व अच्छी तरह से सफाई करवाने स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल व वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जीई रोड में मनोकामना भवन के पास फैलाकर फल दुकान लगाने तथा कचरा जलाने पर नाराजगी व्यक्त करते फल वाले को दुकान हटाने कहा तथा जुर्माना लगाने के निर्देशित किया। आयुक्त गुप्ता ने कहा कि नालों एवं नालियों की सफाई के दौरान विशेष सतर्कता बरते। पालिथीन, झिल्ली पन्नी नालियों में न रहने पाए, क्योंकि झिल्ली पन्नी फंसने से पानी निकासी बाधित होती है। उन्होंने कहा कि पानी भरान क्षेत्र नंदई, इंदिरानगर, जिला चिकित्सालय के सामने के नालों की अच्छी तरह से सफाई कराएं, झिल्ली पन्नी फंसने को रोकने यथासंभव जाली लगाने के निर्देश सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को दिए। इसके अलावा निचली बस्तियां जहां पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है, वहां के नाली-नालों की सफाई करें, जरूरत पड़ने पर कच्ची नाली खोदे, बारिश के पूर्व शहर के सभी नालों की अच्छी तरह से सफाई कराएं, ताकि बारिश में बरसाती पानी की निकासी हो सके।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि शहर के मुख्य मार्गों तथा जीई रोड के किनारे, आरके नगर मोड के पास फल एवं अन्य समान विक्रेता जिनके द्वारा फैलाकर दुकान लगाया जाता है, कचरा फैलाया व जलाया जाता है, उसे यातायात विभाग के साथ मिलकर हटाने की कार्रवाई करें, कचरा जलाने व फैलाने पर जुर्माना लगावे, सड़े-गले फल व सब्जी विक्रय पर जब्ती की कार्रवाई करें।

### बजरंगपुर नवागांव में 22 को सत्संग प्रवचन



**राजनांदगांव।** बजरंगपुर नवागांव में नगर इकाई साहू समाज एवं कबीरपंथियों द्वारा 22 जून को कबीर जयंती व सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया है। कल समाज की बैठक रखकर निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में महात्मा लेखचंद साहेब द्वारा प्रवचन किया जाएगा।

जयंती के सफल आयोजन के लिए एक समिति का भी गठन किया गया है। जिसमें संयोजक घनशुराम साहू, सह-संयोजक लेखराम साहू, कोषाध्यक्ष राहुल साहू एवं कार्यकारिणी में विजय साहू, जागेश्वर साहू, अनिल साहू, अनुप साहू, कामता साहू, योगेश साहू, सुरेंद्र साहू, थानूराम, दुलेश्वर साहू, लोकेश साहू, पार मुखिया एवं युवा एवं महिला पदाधिकारियों को रखा गया है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने दी।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर पुलिस कर रही लोगों को जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस ने समर्थ अभियान चलाकर शिविर का आयोजन किया। जिसके तहत साइबर क्राईम, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडेय व अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले खैरागढ़ के मार्गदर्शन में ''समर्थ'' अभियान के तहत जिला क्षेत्रांतर्गत आने वाले खैरागढ़, विक्रमपुर, जालबांधा, बकरकट्टा, साल्हेवारा, गंडई, ठेलकडीह, मोहगांव, छुईखदान, गातापार में केसीजी पुलिस के समस्त अधिकारी-कर्मचारी के संयुक्त तत्वावधान में 50 से अधिक साइबर जागरूकता शिविर का आयोजन कर 5000 से अधिक लोगों को साइबर संबंधित अपराधों से बचने एवं फ्रॉड होने पर क्या करना और क्या नहीं करना, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया।

# कमलेश्वर को मिला भारत रत्न गौरव श्री सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ठेलकाडीह में आयोजित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षक कमलेश्वर सिंह को भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित किया।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी माध्यम कन्या शाला में पदस्थ व्याख्याता को भारत सरकार कार्पोरेट अफेयर्स मंत्रालय द्वारा अनुमोदित भारत गौरव रत्न श्री सम्मान नई दिल्ली द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे विशेष उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित करते हुए जारी किया था। वीर शिरोमणि महाप्रतापी महाराणा प्रताप की 484 वीं जयतीं पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने उन्हे राष्ट्रीय अवार्ड प्रदान किया। गौरतलब है कि कमलेश्वर सिंह को शिक्षा, स्वास्थ, पर्यावरण, खेलकूद, साहित्यक, सांस्कृतिक व सामाजिक सेवा के क्षेत्र मे जिला युवा अवार्ड, राज्य स्तरीय सामाजिक सेवा अवार्ड, मौलाना अब्दुल कलाम शिक्षा रत्न के अलावा राज्यपाल द्वारा उत्कृष्ट राज्य शिक्षक सम्मान से भी नवाजे जा चुके है।

इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, कोमल सिंह राजपूत, शंकर सिंह गहरवार, बजरंग सिंह बैस, रमेश सिंह ठाकुर, अश्वनी सिंह, कमलेश सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, ठा घनश्याम सिंह, प्रवेश सिंह, होरी सिंह, अजय सिंह, अश्वनी लवायन, अशोक सिंह, डॉ चंद्रशेखर सिंह, राजू सिंह, प्रशांत सिंह, विकास सिंह, वंदना सिंह, छाया सिंह बघेल, लोकेंद्र भुवाल, शेर सिंह गांधी, तारन सिंह, संजय राजपूत, प्रवीण सिंह सहित राजपूत क्षत्रिय महासभा के 37 उपसमितियो के अध्यक्ष, सचिव, केंद्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियो सहित बड़ी संख्या मे सामाजिक जन मौजूद थे।

# वैक्सीन वाहकों ने मानदेय में वृद्धि के लिए उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत वैक्सीन वाहक के मानदेय में वृद्धि एवं तीन माह से बकाया वेतन दिए जाने की मांग करते मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वैक्सीन वितरक संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मानदेय में वृद्धि किया जाए। वहीं तीन से मानदेय न होने के कारण वैक्सीन वाहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे वे सत्र स्थल तक वैक्सीन पहुंचाने में असमर्थ है। संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मानदेय में वृद्धि एवं तीन माह के रूके मानदेय को प्रदान करने की मांग की है।

मांग करने वालों में रूखम लाल वर्मा, युगल किशोर, जितेन्द्र बंजारे, मोनू साहू, उमेंदी यादव, राजकुमार चंदेल, चंदन देवांगन, संजय लहरी, गुलाब मरकाम, प्रकाश साहू, इंदरमल साहू, दिनदयाल मारकण्डे शामिल हैं।

# साहू ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



समाजसेवी संस्था छात्र युवा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष रक्तवीर जितेंद्र मानसिंह साहू ने अपने जन्म दिवस पर रक्तदान किया। इसके पूर्व भी जरूरतमंदों के लिए विभिन्न अवसरों पर 34 बार रक्तदान कर चुके हैं।

रक्तवीर का मानना है कि इस सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकता। ई-रक्तकोष क्या आप जानते हैं कि जो लोग रक्तदान करते हैं, उन्हें दिल का दौरा पड़ने की संभावना 88 प्रतिशत कम होती है और किसी भी प्रकार की हृदय संबंधी बीमारी होने की संभावना 33 प्रतिशत कम होती है, जब आप रक्तदान करते हैं तो यह आपके शरीर से 225 से 250 मिलीग्राम आयरन को हटा देता है। जिससे हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है। इस अवसर पर छात्र मंच युवा संयोजक नागेश यदु, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान जंघेल, फनेद्र जैन, योशितचंद्र साहू, काव्यांश शैलेंद्र साहू उपस्थित थे।

# जागरुकता : श्रमिकों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन से विकासखंड के ग्राम मारगांव के ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। सरकार की इस पहल से ग्रामवासी एवं महिलाएं काफी प्रसन्न हैं। जल जीवन मिशन के तहत गांव के सभी घरों में टेप नल कनेक्शन दिया गया है जिससे पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

गांव की महिलाएं घर पर ही स्वच्छ जल मिलने से प्रसन्न है। पहले गांव की महिलाओं को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ता था। बारिश के दिनों में बाहर से पानी लाने की समस्या, लंबी कतार में खड़े होकर हैंडपंप तथा कुएँ से पानी भरना, समय अधिक लगने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे जाने से कुओं का सूखना, हैण्डपंप बंद जैसी दिक्कत आती थी, जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता था। जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो रहा है जिससे महिलाओं का समय और श्रम बच रहा है।



### 463 परिवार को लाभ

जल जीवन मिशन के तहत गांव में डिस्ट्रीब्यूशन 1990 मीटर एवं राइजिंग मेन 1993 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर कुल 463 परिवारों को घर में नल से स्वच्छ जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध किया जा रहा है। सरपंच डकेन्द्र चंद्राकर ने बताया गांव के प्रत्येक घर में पर्याप्त मात्रा में नल से शुद्ध पानी मिल रहा है। वार्ड 8 एवं 18 की निवासी भूमिका सिन्हा, फलटिन सिन्हा ने बताया कि गाँव के प्रत्येक घर को नल और जल से जोडने की योजना से गाँव का सूखा खत्म हुआ है। पर्याप्त पानी मिलने से ग्रामवासी अब राहत की सांस लेने लगे हैं। वार्ड 18 की मंजू सिन्हा, लक्ष्मी यादव ने बताया कि लोगों को पहले काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। पानी के लिए महिलाओं को लंबा सफर तय करना पड़ता था। बरसात के दिनों में पानी के लिए कतार में खड़े रहना पड़ता था किन्तु जल जीवन मिशन अंतर्गत टेप कनेक्शन मिलने से काफी सहूलियत हो रही है।

### जल स्तर को बढ़ाने के लिए किया प्रेरित

घुमका। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जल संरक्षण के लिए लगातार कार्य किये जा रहे है। इसी कड़ी में घुमका में मिशन जल रक्षा अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनरेगा के मजदूरों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा नवचेतन जन कल्याण एवं महिला उत्थान समिति ने जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी और गिरते भूमिगत जल स्तर को कम करने एवं बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों को पानी को व्यर्थ बर्बाद नहीं करने और अमूल्य जल के संचय का संदेश दिया गया। घर से निकलने वाले जल को व्यर्थ नहीं करते हुए अपने किचन गार्डन और सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संरक्षण में योगदान देने जागरूक किया गया। इस दौरान सरपंच फुलमती वर्मा, मीना यादव, भागवती मरावी आदि मौजूद थे।





**खेल दिवस: शासकीय प्राथमिक शाला राली में अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया**

# भूले-बिसरे पारंपरिक खेलों का आयोजन कर किया जन-जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले के प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्था गांधी ग्राम विकास समिति ग्रामोदय केंद्र कवर्धा द्वारा अपने कार्यक्षेत्र विशेष पिछड़ी जनजाति पीवीटीजीएस बैगा समूहों के साथ तरेगांव जंगल क्षेत्र में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अपने भूले-बिसरे पारंपरिक खेलों का आयोजन गांव-गांव में किया गया। जिस पर छात्र छात्राओं ने ने मिलकर इन खेलों का आनंद लिया और अपनी परंपराओं को जीवित रखने का प्रयास किया।

जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला राली के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक फुगड़ी, बिल्लस, फ्लली, गोटा, चर्रा जैसे अनेकों परम्परागत खेल खेले। छात्र छात्राओं को खेल के माध्यम से जीवन आनंद, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में जन जागरूक किया गया। साथ ही साथ छात्र छात्राओं को नियमित खेल खेलने के लिए उत्साहित एवं प्रेरित किया गया। खेल दिवस पर अध्यक्ष गांधी ग्राम विकास समिति चंद्रकांत यादव, चित्रारेखा चौरे, कोमल सिंह धारवैया, मानस पटेल, गणेश राम धुर्वे एवं स्थानीय केडर साथियों का सराहनीय सहयोग रहा।





### खेल जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका

शासकीय प्राथमिक शाला राली में खेल दिवस पर खेल के महत्व व खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामाजिकता का अभ्यास करने तथा टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। खेल हमें विभिन्न प्रकार से शिक्षित भी करते हैं। इससे मानवीय मूल्यों का विकास होता है साथ ही खेलों द्वारा सामूहिक चेतना का भी विकास होता है क्योंकि खेल की मूल भावना यही होती है कि अकेले नहीं बल्कि समूह में खेलना, खेल द्वारा नेतृत्व करने की कला का भी विकास होता है। खेल से रचनात्मकता को भी बढ़ावा मिलता है। खेल में सम्मिलित बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

# झुका हुआ बिजली खम्भा हादसे को दे रहा न्योता

## विभागीय अधिकारियों से बरसात के पहले सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलेगांव

बिजली विभाग की ओर से सुविधाएं के लिए लगाए गए खंभे हादसों को न्योता दे रहे हैं। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में यह समस्या बनी हुई है, इनका समाधान करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी भी सुस्त नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकवा-शिकायत के बावजूद कोई समाधान व सुधार नहीं हो रहा है। जिससे ग्रामीण किसानों को हादसा का आशंका बना हुआ है। ग्रामीणा की मांग है कि अधिकारी इनका समाधान कराएं ताकि कोई जनहानि न हो।

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पेंड्रीकला में मानकुमार चंद्राकर घर के पास खेत में बिजली खम्भा पूरी तरह झुका हुआ है, जिसकी बारे में जानकारी विद्युत विभाग कुण्डा को दिया गया था, लेकिन अभी तक विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण खम्भा सुधार नहीं है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार खेती-किसान कार्य में ग्रामीण किसान जुट चुकें है। जिससे ग्रामीण किसानों को झुका बिजली खम्भा छोटी बड़ी हादसा को न्योता दे रहा है। जिस पर ग्रामीण किसान ने विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने व सुधार की मांग की ताकि खेती बाड़ी में काम करने वाले किसान को किसी प्रकार की परेशानी ना हों।



### कौशल विकास एवं रोजगार मूलक कार्यों के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा वन मंडल वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम जूनवानी में संयुक्त वन प्रबंधन के अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले युवाओं को रोजगार के नए साधन, कौशल, शिक्षा को सृजित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वन मंडल कवर्धा के वन मंडल अधिकारी शशि कुमार के मार्गदर्शन में दो पहिया वाहन रिपेयरिंग प्रशिक्षण व महिला सिलाई एवं मेकरम प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर दो पहिया वाहन प्रशिक्षण में 30 युवाओं ने और सिलाई कढ़ाई एवं मेकरम वर्क प्रशिक्षण में 30 युवतियों ने पंजीयन कराया। वन मंडल के इस प्रयास के प्रति ग्रामीण वनांचल के युवाओं में कौशल उन्नयन हेतु खासा रुझान दिखाई दे रहा है। युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य अग्रणी स्किल डेवलपमेंट सोसाइटी शिवनी द्वारा किया जा रहा है। अग्रणी स्किल डेवलपमेंट सोसाइटी शिवनी के फाउंडर अनुज सक्सेना ने बताया की उनकी टीम न केवल युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य करेगी अपितु उनके अच्छे प्लेसमेंट हेतु भी प्रयास करेगी। वन मंडल कवर्धा के इस प्रयास से कौशल प्राप्त युवाओं को स्वयं का रोजगार उत्पन्न करने में सहायता होगी एवं वे आत्मनिर्भर बन पाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### नीट परीक्षा में सफलता, डॉक्टर बनने की राह पर हर्ष बाफना जैन

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा नगर के हर्ष बाफना जैन के सुपुत्र रश्मि संकेत बाफना जैन ने नीट यूजी-2024 परीक्षा में पहले ही प्रयास से कुल 720 अंकों में से 692 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि अर्जित कर जिले को गौरव बढाया है। वह शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है, उसने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड 2022 में 97.6 प्रतिशत एवं 12 वीं बोर्ड 2024 में 92 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया। डॉक्टर बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम रख दिया है और वह डॉक्टर बनकर जल्द ही देश के लोगों की सेवा में समर्पित होना चाहता है। इन्होने आकाश इंस्टीडयूट दिल्ली से नीट की कोचिंग हर्ष के छोटे भाई संवेग बाफना जैन ने भी सीबीएसई 10 वीं बोर्ड 2024 की परीक्षा 97 प्रतिशत से उत्तीर्ण कर विषेश उपलब्धि अर्जित किया है।



### भोरमदेव पुलिस टीम की प्रभावी कार्यवाही

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा थाना प्रभारी बीआर विसन को थाना क्षेत्रांतर्गत अपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। वहीं घटना दिनांक 6 नवम्बर 2023 को आरोपी भूखन ध्रुर्वे एवं अन्य 09 आरोपियों द्वारा प्रार्थी कार्तिक गोंड निवासी बांधा कृषि भूमि खसरा नंबर 53/2 रकबा 1.22 एकड़ के कटे हुए धान फसल कीमती 35 हजार को ट्रैक्टर में लोड़कर चोरी कर फरार हो गए थे। जिस पर थाना भोरमदेव में प्रार्थी द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया जिस पर अपराध क्रमांक 71 /23 धारा 379 आईपीसी कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों को अपनी गिरफ्तारी देने चोरी गए मसूर एवं ट्रैक्टर को जप्त कराने लाने पृथक-पृथक चार बार नोटिस दिया गया था उसके बावजूद आरोपी गणों ने गिरफ्तारी देने एवं जप्त माल बरामद कराने उपस्थित नहीं हुए। जिस पर सोमवार को पुलिस टीम द्वारा घटना ग्रामबांधा में घेराबंदी कर आरोपी, श्रीमती गणेश पति राम कुमार मंडावी आयु 45 वर्ष, नरेंद्र पिता भूखन ध्रुर्वे आयु 26 वर्ष, टिकेश्वर पिता पांडू लाल ध्रुर्वे आयु 23 वर्ष, पांडू लाल पिता बैसाखू ध्रुर्वे आयु 59 वर्ष, श्रीमती भगवती पति पांडू लाल ध्रुर्वे आयु 45 वर्ष तथा भूखन पिता बैसाखू ध्रुर्वे आयु 48 वर्ष निवासी ग्राम बांधा को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार किया। उक्त आरोपी गणों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया।

# गरीब वर्ग कच्चे मकान की मरम्मत व सुधार कार्य में जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरबसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गरीब किसानों द्वारा कच्ची मकान की मरम्मत व सुधार कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। ताकि आगामी बरसात से बचा जा सके जिसमें ग्राम बरबसपुर, डबराभाट, दौजरी, जेवड़न खुर्द, राम्हेपुर, चंडालपुर, बीजाझोरी, सारंगपुर खुर्द व सिंघनपुरी तथा गागचुवा के ग्रामीण गरीब किसानों द्वारा अपनी-अपनी कच्ची मकान की मरम्मत के कार्य में जुड़ चुकें है। जिसमें ग्रामीण किसान खपरैला, झिल्ली व खरपतवार से घर की छत को ढ़क रहे हैं ताकि बरसात से बचा जा सकें। मिली जानकारी के अनुसार गरीब किसाना को अभी तक प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिल रहा है यही कारण है कि आज भी ग्रामीण गरीब परिवार को पक्का मकान नसीब नहीं हो रहा है जिनके कारण कच्चे मकान की मरम्मत व सुधार कार्य में जुटें हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि गरीबों किसान परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित होने के कारण सभी प्रकार की परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रधानमंत्री योजना का लाभ मिलता जो यह परेशानी ग्रामीण किसानों को भुगतना ना पड़ता है।

### जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में डायरिया मरीजों से की मुलाकात



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा विधानसभा के दो गांवों में डायरिया की बीमारी फैली गई है। बताया कि एक गांव में कुएं का पानी पीने से यह बीमारी फैली है, वहीं एक अन्य गांव में शादी कार्यक्रम में भोजन खाने से लोगों की तबीयत खराब हुई। जिसमें सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत दो गांव में डायरिया फैल गई है। इन दोनों गांव में करीब सैकड़ों मरीज मिले हैं। ग्राम कोयलारी में एक बुजुर्ग की बुधवार रात जिला अस्पताल कवर्धा में मौत हो गई। इसी प्रकार ग्राम दैहानडीह में दो दिन पहले शादी कार्यक्रम में भोजन खाने से सैकड़ों लोगों की तबीयत खराब हुई। जिसका जिला अस्पताल कवर्धा व सहसपुर लोहारा अस्पताल, कोयलरी हाई स्कूल में इलाज चल रहा है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मरीज से मुलाकात करने व हालचाल जाना साथ ही साथ उनसे मिलकर स्वस्थ्य के बारे में जानकारी लिया तथा बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर से बात किया गया। जिलाध्यक्ष होरीराम साहू ने मांग करते हुए कहा कि ग्राम में डायरिया फैलने का प्रमुख कारण दूषित पानी। तत्काल संज्ञान मे लेकर सक्षम अधिकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर इलाज हो। जो सुविधा मरीजों को होना चाहिए वह पर्याप्त व्यवस्था किया जाए ताकि गांव में डायरिया मरीजों की स्थिति में सुधार हो। इस दौरान रामचरण पटेल, नेत्रराम जघेल, चोवाराम साहू, गोपाल चंद्रवंशी, शरद बांगाली, वाल्मिकी वर्मा, अजय यादव, अंजू पटेल, विक्की लहरे, आशाराम साहू, चंद्रकुमार सिवहरे, लगन साहू, आनंद साहू, धर्मेंद्र साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# बेसबॉल प्रीमियर लीग का शुभारंभ खिलाड़ियों ने बढ़-बढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा द्वारा तीन दिवसीय बेसबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन 11 से 13 जून तक नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में किया गया। जिसमे टीम मियामी, ईगल, पैंथर्स और बुल्स बेसबॉल ये चार टीमों के बीच खेला जाएगा इस प्रतियोगिता में ग्राउंड के खिलाडियों के साथ-साथ प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी किशन महानंद (रायपुर), भूपेंद्र गड़ेवाल अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी (दुर्ग), राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी मयंक (दुर्ग), सुशांत (दुर्ग), प्रिंस सिंह (बेमेतरा), संजय (मोहगांव) भी प्रतिनिधित्व करेंगें। जो कवर्धा में प्रतिवर्ष होने वाले इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए है और मैच का आनंद ले रहे है।

तीन दिवसीय बेसबॉल प्रीमियर लीग उद्घघाटन समारोह में मुख्याथिति चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, अध्यक्षता कैलाश शर्मा, अजय ठाकुर, अभिषेक सिंह, दुर्गेश अवस्थी, यशवंत झरिया, दिनेश साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया गया। वही मुख्याथित चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में बताया कि जिले में बेसबॉल खेल बहुत आगे बढ़ गया है यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक लगाने के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन कर रहे है, जो हम सब के लिए गौरव की बात है।

साथ ही किसी भी प्रकार की सुविधा के लिए हर संभव मदद करने की आश्वासन दिए इसी के साथ अथितियो के द्वारा हिटिंग करके इस खेल का आनंद लिए और मैच के नियमो जानकारी दी। आज का पहला मैच बेसबॉल मियामी विरुद्ध बेसबॉल ईगल के बीच खेला गया, जिसमे मियामी टीम ने 04-01 रन से विजेता बने वहीं मियामी टीम के पिचर गगनदीप साहू के शानदार पिचिंग किया। दूसरा मैच बेसबॉल बुल्स विरुद्ध बेसबॉल पैंथर्स के बीच खेला गया, जिसमे बेसबॉल बुल्स के टीम ने 08-06 के स्कोर से मैच विजेता बने तथा तीसरा मैच मियामी विरुद्ध पैंथर्स जिसमे 04-04 रन बराबर होने के कारण मैच ड्रा हो गया।

### पंडरिया में शहीदी दिवस पर सुखमनी साहिब का पाठ व शरबत वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंडरिया

सिक्ख समाज पंडरिया ने सोमवार को समाज के पांचवें गुरू अरजन देव का शहीदी दिवस मनाया। इस दौरान नगर के गुरूद्वारे में सुबह से शाम तक सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। जिसके पश्चात गांधी चौंक व मुंगेली मार्ग पर यशपाल सलूजा ने पंडाल लगाकर राहगीरों को शरबत वितरण किया। गुरूद्वारे में शबद कीर्तन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

### सामान्य सभा की बैठक 14 जून को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में 14 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इस सामान्य बैठक में विभिन्न विषयों पर परि चर्चा की जाएगी वहीं इस बैठक में सर्व संबंधितों को जानकारी के साथ उपस्थित होने को कहा गया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**विश्व आदिवासी दिवस पर घोषित सामान्य अवकाश के दिन अन्य शासकीय कार्यक्रम आदिवासी समाज नाराज**

# सर्व आदिवासी समाज व अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ने संयुक्त रूप से कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय से अधिकारियों-पदाधिकारियों के नाम ज्ञापन सौपा जाना निर्देशित हुआ है। इसी कड़ी मे डॉ संतोष ध्रुर्वे, गजराज टेकाम प्रांतीय पदाधिकारी के नेतृत्व मे मंगलवार को जिला मुख्यालय मे मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री, मंत्री आदिम जाति कल्याण विकास विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग आदि के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। जिस पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आसकरण सिंह ध्रुर्वे ने बताया कि छग राज्य आदिवासी बाहुल्य प्रदेश है उनके भावनाओं को ध्यान रखते हुए 09 अगस्त को शासन द्वारा सामान्य अवकाश घोषित किया है, इस दिन आदिवासी समाज के सभी वर्गो के लोग अपनी आदिम संस्कृति-परम्परा का प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सहित विश्व भर के 198 देशों मे पूरे उत्साह के साथ विभिन्न आयोजन होता है। हालही मे सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी करते हुए 09 अगस्त के दिन सभी शिक्षण संस्थान मे मेघा पालक बैठक कराने निर्देशित किया। आदिवासी समाज के लिए घोषित सामान्य अवकाश के दिन शासकीय कार्यक्रम का आयोजन उनके भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य प्रतीत होता है, समाज इस प्रकार के आदेश का विरोध करते हुए मेघा पालक सम्मलेन को किसी अन्य तिथि को कराने ज्ञापन सौंपा। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के खजुराहो के नाम से विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव के इतिहास से छेड़-छाड़ करते हुए पूर्व के साइन बोर्ड मे उल्लेखित यह मंदिर गोंड समुदाय के उपाशय भोरमदेव के नाम से प्रसिद्ध है पंक्ति को विलोप कर नए साइन बोर्ड लगाया गया है। इस प्रकार अपने सांस्कृतिक धार्मिक धरोहर से पहचान मिटाने का कुतषित प्रयास करने वाले के खिलाफ समाज आक्रोषित है जल्द ही पुराने साइन बोर्ड मे उल्लेखित समस्त ऐतिहासिक जानकारी के साथ नई बोर्ड लगाने का ज्ञापन सौपकर चेतावनी दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।




| Kawardha To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

**समस्या:** मुखबिरों की सूचना पर वन विभाग कर रहा है कार्यवाही, दो ट्रैक्टर जब्त

# वनांचल के जंगलों में धड़ल्ले से बनाया जा रहा खेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मानसून की नजदीकियों को देखते हुए एक बार फिर जिले के जंगलों में बेजा कब्जाधारी सक्रिय हो गए हैं और इन लोगों द्वारा वन भूमि को खेत में तब्दील किए जाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ऐसे में वन विभाग भी मुखबिरों की सूचना के आधार पर कुछ कार्यवाही करती दिखाई दे रही है। लेकिन वन विभाग की यह कार्यवाही सिर्फ मुखबिरों की सूचना तक ही सीमित है। माना जा रहा है कि अगर विभाग जिले के वनांचल क्षेत्र में अभियान चलाकर वन भूमि पर बेजा कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करे तो कई मामले सामने आ सकते हैं। वन भूमि पर अवैध कब्जा का मामला जिले के वन परिक्षेत्र कवर्धा अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 318 परिसर दियाबार से सामने आया है। जहां से वनभूमि में खेती किसानी के लिए ट्रैक्टर से जोताई कार्य करते विभाग ने दो ट्रैक्टरों को जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग कवर्धा को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि वन परिक्षेत्र कवर्धा अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 318 परिसर दियाबार में कुछ लोगों द्वारा वन भूमि पर कब्जा कर वनभूमि को ट्रैक्टर की मदद से खेत में तब्दील किया जा रहा है ताकि आने वाले दिनो में इस पर फसल की बोआई की जा सके। इस सूचना के बाद परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा, सीएफओ राजानवागांव एवं सरोधा, बीएफओ दियाबार तथा सरोधा की समिति गठित कर रात्रि में करीब 9.00 बजे कवर्धा परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 318 परिसर दियाबार में दबिस देकर वनभूमि में जोताई कार्य कर रहे दो ट्रैक्टारों को जप्त कर लिया।

### मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर भागे आरोपी





बताया जाता है कि इन आरोपियों द्वारा रात के अंधेरे में वनभूमि पर ट्रैक्टर से जाताई कार्य किया जा रहा था और उन्होने जैसे ही वन विभाग की टीम को मौके पर आता देखा मौके पर ही ट्रैक्टर को छोड़कर भाग खड़े हुए। वन विभाग ने दोनो ट्रैक्टरों को जप्त करने के बाद आरोपियों की पता साजी कर आरोपी वाहन चालक गंगूराम तथा मेहतर बैगा निवासी छपरी के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20028/12 एवं 20028/13 दिनांक 09.06.2024 पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है। आरोपियों के संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### रात के अंधेरे में की जा रही वनभूमि की जोताई

जिले के वनांचल के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनो जिले के अंदरूनी वनांचलों में जमकर वनभूमि को खेतों में तब्दील करने का कार्य चल रहा है। कई लोगों द्वारा वनभूमि पर कब्जा कर रातों रात वनभूमि को खेतों में तब्दील किया जा रहा है। एक जानकारी के मुताबिक अभी तब वन विभाग द्वारा ही ऐसे कई लोगों को दबोचा है जो वन भूमि में जोताई कार्य करते पाए गए हैं। वहीं माना जा रहा है कि अगर वन विभाग द्वारा अभियान चलाकर इस पर कार्यवाही करे तो कई और मामले सामने आ सकते हैं।

# शराब दुकान के सुरक्षा गार्ड पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



- शराब की बॉटल से सुरक्षा गार्ड का गला रेतकर मौके से हो गए थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते रविवार को कवर्धा टाउन की सरकारी शराब दुकान में तैनातम सुरक्षा कर्मी पर जानलेवा हमला करने वाले दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों के विरूद्ध धारा 307, 34 के तहत कार्यवाही की गई है। गौरतलब है कि बीते रविवार की रात दो अज्ञात हमलावरों ने कवर्धा टाउन की सरकारी शराब दुकान में कार्यरत सुरक्षा गार्ड शोहराब रिजवी से विवाद करते हुए उसके सिर पर बियर की बॉटल तोड़ दी थी और टूटी हुई वॉटल से उसके गले पर प्राणघातक हमला कर मौके से फरार हो गए थे। हमले के बाद सुरक्षा कर्मी श्री रिजवी मौके पर ही खून से लथपथ होकर अचेत होकर गिर पड़ा था। बाद में जब लोगों पर उसकी नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी तथा घायल को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर इसे विवचेना मे लिया था। विवेचना के दौरान लोगों से पूछताछ और बारदात स्थल पर लगे सीसी टीबी कैमरों के फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कर पुलिस ने आरोपी अनिल सारथी व कुशाल साहू को उनके ठिकाने में दबिश देकर दबोच लिया पुलिस ने इन दोनो आरोपियों के विरूद्ध धारा 307, 34 के तहत कार्यवाही की है।

## खबर संक्षेप

### तरेगांव मैदान में स्कूल भवन का भूमिपूजन

**कवर्धा।** ग्राम तरेगांव मैदान में 21 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले मिडिल स्कूल का गत दिनो भूमिपूजन किया गया। स्कूल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही इसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नरेश चन्द्रवंशी जनपद सदस्य बोड़ला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, काशी राम ऊईके मंडल अध्यक्ष बोड़ला, अमर सरपंच तरेगांव मैदान चरन वर्मा, चैत राम वर्मा, बली राम सहित तरेगांव मैदान के ग्रामीण उपस्थित थे।

### बैठक के बाद स्कूल में रोपे गए पौधे

**कवर्धा।** ग्राम पंचायत दैहानडीह में बीते सोमवार को प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तीनों स्कूल के शिक्षक व शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में शाला सुरक्षा, न्योता भोजन, बच्चों के प्रवेश को लेकर चर्चा की गई। साथ ही शाला प्रवेश उत्सव की रूप रेखा तय की गई। बैठक के बाद स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए एवं इन पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्कूल प्रबंधन द्वारा ली गई है।

# ब्रेक फेल होने से पलटी पिकअप, 6 घायल

## ग्राम हरिनछपरा के पास हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली अंतर्गत ग्राम हरिनछपरा से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे में ग्राम हरिनछपरा के पास एक बार फिर सड़क हादसा सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक यहां मंगलवार को ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो गए। सभी घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि कोई भी ग्रामीण गंभीर नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर को कुछ सामान और ग्रामीणों को लेकर एक पिकअप वाहन पाण्डातराई से कवर्धा आ रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान कवर्धा कोतवाली अंतर्गत ग्राम हरिनछपरा से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में हरिछपरा के पास ही पिकअप वाहन का ब्रेक फेल हो गया और वाहन चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिसके चलते तेज रफ्तार वाहन सड़क किनारे पलट गया।

इस दुर्घटना में वाहन सवार आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अभी तक इस पर पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिली है।

### हादसों और कार्यवाही के बाद भी बाज नहीं आ रहे लापरवाह वाहन चालक

यहां बताना लाजिमी होगा कि मई महिने में जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बाहपानी में ऐसे ही पिकअप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से 19 तेंदूपत्ता श्रमिकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद शासन-प्रशासन तथा परिवहन विभाग ने माल वाहक वाहनो में सवारी ढोने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई थी और यह कार्यवाही अब भी जारी है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस तरह के भीषण सड़क हादसे और विभाग की लागातर की कार्यवाही के बाद भी वाहन चालकों की लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रही है।

# घुमंतू बच्चों को शिक्षा से जोड़ने प्रयास जारी

- महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन वात्सल्य टीम द्वारा चलाया जा रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन वात्सल्य, पुलिस विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की संयुक्त टीम बनाकर जिले के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान, रेस्क्यू एवं पुनर्वास के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, नशे की लत, शिक्षा से वंचित अपशिष्ट संग्रहकर्ता सड़क जैसी स्थिति में रहने वाले बच्चे मोबाइल की लत से ग्रसित बच्चों को मुख्यधारा से जोडने के उद्देश्य से संघन अभियान चलाया जा रहा है। मिशन वात्सल्य एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की टीम ने आज घूमन्तु बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोडने एवं उनकी उचित शिक्षा व्यवस्था के लिए आज सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के छोटू पारा, गौरिया पारा, बाजार पारा, साहू पारा, नवा पारा, यादव पारा में और चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की टीम कवर्धा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में घुमंतु, अपशिस्ट संग्रहण में लिप्त, बाल भिक्षा वृत्ति करने वाले बच्चों एवं उनके परिवारों को स्कूल जाने एवं भेजनें के लिए प्रेरित किया गया साथ ही ऐसे बच्चों की सूची तैयार कर बच्चों एवं उनके परिवारों को स्कूल जाने और भेजने की शपथ दिलाया गया।




# नीट परीक्षा में चयनित रीना साहू को डीएम ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया निवासी किसान भीखम साहू की सुपुत्री कुमारी रीना साहू ने यूजी नीट 2024 परीक्षा में द्वितीय प्रयास में कुल 720 अंकों में से 682 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि अर्जित कर जिले का मान बढ़ावा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कुमारी रीना को जिले का नाम गौरवान्वित करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने भविष्य में उनके उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने के लिए शासन एवं प्रशासन स्तर पर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने उज्वल भविष्य और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि रीना शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। उन्होंने कक्षा 10 वीं (सीजी बोर्ड) 94 प्रतिशत और कक्षा 12वीं (सीजी बोर्ड) में 91.2 प्रतिशत से परीक्षा उत्तीर्ण की थी। अब डाक्टर बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम रख दिया है और वह डॉक्टर बनकर जल्द ही देश के लोगों और अपने क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए समर्पित होना चाहती है।

# तरेगांव जंगल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप स्वास्थ्य विभाग द्वारा कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में 10 जून को बोड़ला ब्लाक अंतर्गत पीएससी तरेगांव जंगल मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 162 मरीजों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया। बीएमओ डॉ. विवेक चंद्रवंशी ने बताया कि तरेगांव जंगल मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 162 मरीजो को स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के अंतर्गत 14 गर्भवती माताओं का समस्त प्रकार के जांच कर 09 हाई रिक्स माता को जिला अस्पताल रिफर किया गया एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया। एनसीडी प्रोग्राम के अंतर्गत 23 मरीजों को सेवा प्रदान किया गया एवं 09 मरीजो का फॉलोअप किया गया। दन्त चिकित्सा के 16 मरीजो को, शिशुरोग विभाग से डॉ जूही सोनवानी महिला चिकित्सक द्वारा 10 चाइल्ड मरीज, 30 मरीजों का मलेरिया जांच किया गया। इसके साथ ही स्लाइड बना कर जांच किया गया एवं मच्छरदानी प्रदर्शनी लगा कर समस्त हितग्राहियों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि नेत्र विभाग के द्वारा 04 मरीजों का आई चेकप किया गया। 8 टीबी के मरीजां का फॉलोअप, 10 संभावित टीबी के मरीजो का स्पुटम जांच किया गया। प्रपत्र के माध्यम से टीबी बीमारी के संबंध में जागरूक भी किया गया। शिविर में चर्म रोग के 10 संभावित मरीजां, 10 मरीजों को आयरन सुक्रोस लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में मेडिसिन के 40 मरीजां को एमडी मेडिसिन द्वारा जांच किया गया। लैब में 56 मरीजों का समस्त प्रकार के जांच किया गया। शिविर में तरेगांव जंगल से आए हुए समस्त हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया। ज्ञानिकोलोजिस्ट डॉ. जितेन्द्र वर्मा के द्वारा पीएससी तरेगांव जंगल मे जाकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया। इस अवसर पर पीएससी तरेगांव जंगल के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवा दिया गया एवं डॉ जानकी शरण चंद्रवंशी, सेक्टर सुपरवाईजर एवं बीटीईओ संदीप मानिकपुरी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में शिविर सम्पन हुआ।

## टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ से मिले, स्थानीय मुद्दों पर की चर्चा

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू से मुलाकात कर शिक्षकों के पदोन्नति, सेवापुस्तिका में डीडीओ का हस्ताक्षर, उच्च परीक्षा हेतु अनुमति, जीआईएस कटौती, पदनाम, वेतन का अंतर राशि, अनाधिकृत रूप से कटौती किए गए वेतन की वापसी, पेंशन प्रकरण सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर निराकरण की मांग रखा। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि कैम्प लगाकर सेवापुस्तिका का संधरण तो किया गया, लेकिन उसमें डीडीओ का हस्ताक्षर नहीं हुआ है। संघ को जिला बैठक में प्राप्त जिले के आठ सहायक शिक्षकों व 17 शिक्षकों का आवेदन पत्र सौंपकर उच्च शिक्षा के लिए अनापत्ति पत्र जारी करने, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर सहायक शिक्षकों की पदोन्नति करने, कवर्धा ब्लॉक में शिक्षक से प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नत शिक्षकों के फरवरी व मार्च 2022 के वेतन के अंतर राशि का भुगतान करने, पदोन्नत प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक का राजपत्रित पद के अनुरूप जीआईएस कटौती तीन सौ रुपये के स्थान पर तीन सौ साठ रुपए करने, एलबी संवर्ग के सभी शिक्षकों का जीपीएफ पासबुक संधारित करने की मांग रखा गया. इसके साथ ही पंडरिया ब्लॉक के शिक्षक रमेश ध्रुव के एक दिन के अनाधिकृत वेतन कटौती एवं कवर्धा ब्लॉक के सहायक शिक्षक रश्मि देवी के वेतन से अतिरिक्त राशि कटौती की वापसी तथा प्रधान पाठक नरेश साहू के जनवरी 2022 के इंक्रीमेंट की राशि देने की मांग रखा गया। नवपदस्थ डीईओ ने शिक्षकों के सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही उचित निराकरण का भरोसा दिया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एसोसिएशन के सदस्य तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी में सहायिका का पद भरने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

चिल्फी परियोजना अंतर्गत आने वाले बैगा बाहुल्य ग्राम कबरी पथरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका का पद रिक्त है। यह गांव शंभूपीपर ग्राम पंचायत में आता है। ग्रामीणों ने बताया कि सहायिका के पद रिक्त होने से हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सहायिका द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को गर्म भोजन व पोषण आहार दिया जाता है। पद रिक्त होने के वजह से बच्चे इन सब से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीण कौशल्या बाई, सुरेश, रामवती तितरा ने जिला प्रशासन से यहाँ जल्द से जल्द सहायिका की भर्ती किए जाने की मांग किया है। क्योंकि, जुलाई माह से ही नया सत्र शुरू हो जाएगा।

**जिले के पंचायतों में चल रहे हैं 1290 कार्य जिसमें ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार**

# श्रमिकों को सर्वाधिक रोजगार देने में कबीरधाम प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रदेश में कबीरधाम जिले में सर्वाधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 40 लाख मानव दिवस लक्ष्य के विरुद्ध 43 लाख 62 हजार मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया है जो लक्ष्य का 109 प्रतिशत है। कबीरधाम जिले ने बहुत से बड़े जिलों को रोजगार देने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। जिसमे दूसरे नंबर पर जिला बलौदाबाजार 32.21 लाख जिला बिलासपुर 30.70 लाख एवं जिला महासमुंद 28.57 लाख के साथ चौथा नंबर पर है। सर्वाधिक रोजगार देने का यह सिलसिला विगत कई वर्षो से निरंतर चल रहा है। उल्लेखनीय है कि सर्वाधिक मजदूरों को प्रतिदिन काम देने के साथ-साथ सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार एवं सर्वाधिक मजदूरी भुगतान भी किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए पूर्व से ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति कर दी गई थी। मार्च माह से लेकर जून के महीने तक ग्रामीणों को रोजगार की सर्वाधिक आवश्यकता पड़ती है। इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रारंभिक तैयारियां की गई थी जिसके नतीजे सकारात्मक हैं। अभी जिले के 398 ग्राम पंचायतो में 1290 कार्य चल रहे हैं जिसमें ग्रामीणों को पर्याप्त रोजगार उनके गांव में ही मिल रहा है। गत वित्तीय वर्ष में भी प्रदेश स्तर पर कबीरधाम जिले का प्रदर्शन अग्रणी रहा है तथा योजना का पूरा लाभ ग्रामीणों को मिला है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 123597 पंजीकृत परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया है तथा 70 करोड 37 लाख 28 हजार रुपए का मजदूरी भुगतान ग्रामीणों को उनके बैंक खाते में सीधे प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही 22 लाख 11 हजार मानव दिवस का रोजगार जिले की महिलाओं को मिला है जो की प्रदेश में प्रथम स्थान पर है और कुल प्रदाय रोजगार में महिलाओं की भागीदारी 50.68 प्रतिशत है।